बनादे बिगड़ी बात मेरे खाटू वाले श्याम

बनादे बिगड़ी बात मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है मेरे लखदातार,
बनादे बिगड़ी बात मेरी.....

तुम ही ना सुनोगे तो मेरी कौन सुनेगा,
मेरे कष्टों को बाबा अब कौन हारेगा,
तुम्ही पर है विश्वास मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है मेरे लखदातार,
बनादे बिगड़ी बात मेरी......

मुझ पर विपदा बाबा ऐसी आन पड़ी है,
भव सागर के बीच में मेरी नाव खड़ी है,
अब करदो इसको पार मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है मेरे लखदातार,
बनादे बिगड़ी बात मेरी......

तेरी चौखट से बाबा कहीं और ना जाऊं,
जब तक रहेगी सांस मैं तेरे दर्शन पाऊं,
मोहित का कर उद्धार मेरे खाटू वाले श्याम,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है मेरे लखदातार,
बनादे बिगड़ी बात मेरी......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30817/title/banade-bigdi-baat-mere-khatu-wale-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |